हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, गुरुवार, 4 जुलाई 2024


तापमान
अधिकतम 30.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री


11 केंद्र सरकार के नये कानून में है वर्तमान परिस्थितियां...




12 अग्निवीर सेना में शामिल होने युवाओं में दिखा उत्साह





## खबर संक्षेप

### 6 लीटर शराब जब्त आरोपी गिरफ्तार



**बलौदाबाजार।** थाना सिटी कोतवाली पुलिस ने ग्राम नयापारा डमरू में अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले एक आरोपी को आबकारी एक्ट के तहत गिरफ्तार किया है। आरोपी से 6 लीटर महुआ शराब किमती 1200 रुपए को जब्त किया है।
मिली जानकारी के अनुसार बुधवार को थाना सिटी कोतवाली बलौदाबाजार से पुलिस ने ग्राम नयापारा डमरू में 25 वर्षीय नंदकुमार से कुल 6 लीटर किमती 1200 रुपए की शराब जब्त की और आरोपी को सिटी कोतवाली पुलिस ने धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध गिरफ्तार कर विवेचना में लिया है।

### श्रीरामलला दर्शन के लिए श्रद्धालु अयोध्या रवाना



**पलारी।** उत्तर प्रदेश के अयोध्या में रामलला दर्शन के लिए तीर्थ यात्रियों का दल रवाना किया गया।पलारी नगर से 10 एवं जनपद पंचायत से 22 कुल 32 तीर्थ यात्रियों की बस को नगर पंचायत अध्यक्ष यशवर्धन मोनू वर्मा, खिलेन्द्र वर्मा, पलारी मंडल अध्यक्ष नंद वर्मा, महेन्द्र साहू व लोकेश यदु ने हरी झंडी दिखाकर रायपुर रेल्वे स्टेशन के लिए रवाना किया, जहां से तीर्थ यात्री रेल से अयोध्या के रवाना हुए।

### दिवंगत सचिव के परिजनों को मिली अनुग्रह राशि



**सिमगा।** विगत दिनों दिवंगत हुए सचिव अश्विनी कौशल के परिजनों को सचिव संघ सिमगा द्वारा अनुग्रह राशि 50 हजार रुपए प्रदान किया गया। साथ ही शासन से प्राप्त होने वाले अग्रेसिया राशि 25 हजार रुपए भी जनपद पंचायत सिमगा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अमित दुबे द्वारा प्रदाय किया गया। उक्त अवसर पर सचिव संघ से ब्लॉक अध्यक्ष जोहन दास भारती, रमेश बंजारे, कैलाश पुरी गोस्वामी, चंद्रशेखर निषाद, विकासचंद्र साहू, धनेश्वर साहू एवं राजू देवांगन उपस्थित थे।

# समाज के विकास और उत्थान के लिए बेहतर कार्य करें पदाधिकारी

**नगर साहू समाज के नवनियुक्त पदाधिकारियों के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए विधायक इन्द्र साव**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

नगर साहू समाज के नवनियुक्त अध्यक्ष राजेश साहू के साथ उनके पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह साहू छात्रावास भवन में हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाटापारा विधायक इंद्र साव, अध्यक्षता जिला साहू संघ के अध्यक्ष सुनील कुमार साहू ने किया। नवनियुक्त पदाधिकारियों को जिला अध्यक्ष सुनिल साहू ने शपथ दिलवायी।

मुख्य अतिथि भाटापारा साव ने उपस्थित सामाजिक जनों एवं नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को समाज के उत्तरोत्तर विकास एवं समाज के उत्थान के लिए कार्य करने एवं समाज में सक्रियता पर बल देने की बात कही। साथ ही समाज में शिक्षा के क्षेत्र में बच्चों को उनके भविष्य में स्वरोजगारन्मुखी कैरियर गाइडेंस के लिए समाज में समय-समय पर शिविर आयोजित कर जानकारी देने की शुरुआत करने पर बल दिया तथा नशा पान से दूर रहने के लिए युवाओं के साथ ही घर के बुजुर्गों व महिलाओ को भी गंभीरता से सोचने की जरूरत बताया।

जिला अध्यक्ष सुनील साहू ने सभी पदाधिकारियों को नवीन दायित्व की शुभकामनाएं और समाज के एक-एक व्यक्ति को साथ लेकर चलने कहा व संगठन को मजबूती प्रदान करने एवं लोगों की सक्रिय सहभागिता की बात कही। समाज में सामाजिक व्यवस्था एवं नियमावली का पालन करने कहा, जिनको जो दायित्व मिला है उनको समाज हित में कार्य सक्रियता से करने पर बल दिया।



कार्यक्रम को रेवाराम साहू संरक्षक जिला साहू बलौदाबाजार, पूर्व विधायक भाटापारा चैतराम साहू, कार्यक्रम अध्यक्ष जीतराम साहू जिला साहू संघ बलौदाबाजार ने भी संबोधित किया एवं स्वागत भाषण नव नियुक्त अध्यक्ष राजेश साहू ने किया। इस अवसर पर दिनेश साहू महासचिव जिला साहू संघ बलौदाबाजार, सुशील साहू अध्यक्ष तहसील साहू संघ लवन, जिला उपाध्यक्ष दीनदयाल साहू, कोषाध्यक्ष जिला साहू संघ राजाराम साहू, जिला युवा प्रकोष्ठ संयोजक रवि साहू, कर्मचारी आधिकारी प्रकोष्ठ जिला ▶▶ शेष पेज 11 पर

## अधिकारियों की विभागीय समीक्षा बैठक में मंत्री टंकराम वर्मा ने दिये दिशा-निर्देश

# प्रकरणों का त्वरित निराकरण कर राजस्व विभाग बनाये बेहतर छवि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री टंकराम वर्मा ने बुधवार को संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में अधिकारियों की विभागीय समीक्षा बैठक ली। इसमें उन्होंने राजस्व विभाग के कार्यों को संवेदनशील एवं गंभीर बताते हुए त्वरित निराकरण कर लोगों में विभाग के प्रति विश्वास जगाने तथा अपने कार्यो से विभाग की छवि बेहतर बनाने को कहा। उन्होंने कलेक्टर की पहल पर जिले में चल रहे राजस्व पखवाड़े की सराहना करते हुए इसे पूरे प्रदेश के लिए प्रेरणास्त्रोत बताया और पूरे प्रदेश में 5 से 20 जुलाई तक राजस्व पखवाड़ा शुरू करने की बात कही। बैठक में उपस्थित सभी विभाग के अधिकारियों को कहा कि अच्छा काम करके जिले का नाम रोशन करें। बैठक में उपस्थित अधिकारियों को कलेक्टर दीपक सोनी ने राजस्व मंत्री द्वारा दिए गए निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया और विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाने कहा। समीक्षा बैठक में नगर पालिका अध्यक्ष चित्तावर जायसवाल, स्काउट गाइड के प्रदेश उपाध्यक्ष विजय केशरवानी, डीएफओ मयंक अग्रवाल, सीईओ जिला पंचायत दिव्या अग्रवाल, अपर कलेक्टर दीप्ति गौते सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे।




### राजस्व विभाग के प्रति सकारात्मक नजरिया जरूरी

राजस्व मंत्री ने कहा की राजस्व विभाग में नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन जैसे बहुत ही छोटे–छोटे कार्य होते हैं, जो हर किसी से जुड़ा होता है। इन कामों का निपटारा समय पर कर दिया जाए तो लोगों में राजस्व विभाग के प्रति जो नजरिया है वह सकारात्मक हो सकता है। पहले एक गांव को चिन्हांकित कर राजस्व विवादमुक्त ग्राम बनाएं। ऐसे ग्राम के पटवारी आरआई को सम्मानित भी किया जाएगा। उन्होंने कहा कि बरसात में जिले के नदी–नालों में बाढ़ की स्थिति निर्मित हो सकती है। इससे निपटने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित होनी चाहिए। उन्होंने कृषि विभाग की समीक्षा करते हुए कहा कि किसानों को खाद–बीज पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हो। खेत में पानी भरने से धान खराब होने पर किसानों को निःशुल्क बीज प्रदाय करें। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि से वंचित किसानों की संख्या जिले में अधिक है सभी वंचित किसानों को सम्मान निधि में पंजीकृत कर आवश्यक कार्यवाही करें।

### सीमेंट संयंत्रों में स्थानीय युवाओं को रोजगार मिले

मंत्री श्री वर्मा ने जिले में रोजगार की स्थिति की समीक्षा करते हुए बड़े सीमेंट सयंत्रों एवं खदानों में स्थानीय युवाओं को रोजगार मिलना चाहिए। इसके लिए जिला रोजगार अधिकारी, उद्योग अधिकारी एवं खनिज अधिकारी को संयंत्रों के अधिकारियों से समन्वय कर रणनीति बनाने निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नया संयंत्र शुरू हो रहा है, उसमें अधिक से अधिक स्थानीय युवाओं को रोजगार दिलवाएं। संयंत्र में प्रशिक्षण की भी व्यवस्था सुनिश्चित करें। इसी प्रकार संयंत्रों द्वारा संचालित खनन इकाइयों में भी युवाओं को नियोजित कराएं। उन्होंने अग्निवीर भर्ती में अधिक से अधिक युवाओं को शामिल होने के लिए प्रेरित करने तथा कैरियर मार्गदर्शन एवं कोचिंग की व्यवस्था करने कहा।

### सड़कों की हालत पर जताई नाराजगी

राजस्व मंत्री ने सड़क एवं अन्य निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि पीएमजीएसवाय अंतर्गत निर्मित कुछ सड़कें बहुत जल्द खराब होने की बात सामने आ रही है, ऐसे सड़कों के निर्माणकर्ता ठेकेदारों पर कार्रवाई करें। उन्होंने कहा कि निर्माण में गुणवत्ता पर कोई समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने बलौदाबाजार बाई पास निर्माण कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए जल्द शुरू करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही स्कूल भवनों के जीर्णोद्धार, अतिरिक्त कक्ष निर्माण के लिए शेष स्कूलों का चिन्हांकन कर प्रस्ताव विभाग को भेजने तथा एकल शिक्षकीय स्कूलों में शिक्षकों की व्यवस्था सुनिश्चित करने कहा। बैठक में राजस्व मंत्री ने एजेंडा अनुसार विभिन्न विभागों के कार्यों की विस्तार से समीक्षा कर जरुरी निर्देश दिए।

# पढ़ई तिहार में स्मार्ट माताओं को पहनाया गया क्राउन




हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

विकासखंड के 143 प्राथमिक शालाओं में अंगना म शिक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत पढ़ई तिहार का आयोजन उल्लासमय वातावरण में किया गया। इसमें नव प्रवेशित बच्चों के साथ उनकी माताएं भी सम्मिलित हुईं। इसके लिए माताओं को शाला परिवार की ओर से आमंत्रण पत्र भेजा गया था। शाला में शिक्षकों द्वारा 9 प्रकार के काउंटर लगाये गए थे। इन काउंटर के माध्यम से विभिन्न गतिविधियों द्वारा माताओं के माध्यम से अपने अपने बच्चों का मूल्यांकन किया गया। विविध खेल गतिविधियों के माध्यम से हर शाला में एक एक स्मार्ट माता का भी चयन पढई तिहार में कर स्मार्ट माताओं को क्राउन पहनाया गया। इस वर्ष तिहार में माताओं व महिला शिक्षकों के लिए नीले रंग की साड़ी का ड्रेस कोड निर्धारित किया गया था, इसलिए पूरा मेला स्थल नीले रंग से रंगा नजर आया। पढई तिहार के लिए विकासखंड स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन शासकीय प्राथमिक शाला हरिनभट्टा में आयोजित किया गया।

■ कही संतुलन का खेल तो कही टमाटर गिन कर मना पढई तिहार

कार्यक्रम में ग्राम सरपंच रंजीत सोनवानी, बीईओ एसके गेंदले, बीआरसी डीएस ठाकुर, एबीईओ राकेश सिंह, जिला नोडल अधिकारी भारती वर्मा, ब्लाक नोडल अधिकारीद्वय नीलम वर्मा व बैजंती कौशिक, प्रधान पाठक परमानन्द साहू,लखन वर्मा, सुरेश साकार, शिवकुमारी देवांगन, अर्चना साहू , ग्राम सचिव रामाधार साहू, गिरजा लाल टोंडे सहित बड़ी संख्या में माताएं उपस्थित रही।

कार्यक्रम में जिला की नोडल अधिकारी भारती वर्मा ने विकासखंड के सभी प्राथमिक शालाओं में माताओं को शिक्षकों द्वारा स्कूल रेडी नेस कार्यक्रम के संबंध में जानकारी प्रदान की। उन्होंने बताया कि घर में ही उपलब्ध स्थानीय सामग्रियों, खेल आदि के माध्यम से बच्चों को स्कूल के लिए तैयार करते हुए भाषायी व गणित कौशल में दक्ष किया जा सकता है। शिक्षकों द्वारा माताओं को गतिविधि करके बताया गया कि कैसे घर में उपलब्ध सामग्रियों जैसे साड़ी, कपड़े आदि के माध्यम से रंगों की पहचान, बर्तनों के माध्यम से आकृति व छोटे बड़े की पहचान, सब्जियों के माध्यम से भी रंगों व आकृतियों की पहचान के माध्यम से ज्ञान दिया जा सकता है।

# बीच सड़क सिलेंडर से भरा ट्रक पलटा, बड़ी घटना टली



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

भाटापारा-बलौदाबाजार सड़क मार्ग पर बुधवार को ग्राम खपरीडीह के पास घरेलू सिलेंडर से भरा ट्रक पलट गया है। इससे यातायात सुविधा बाधित होते देख तत्काल रोड से हटाया गया। घटना की सूचना पर उप पुलिस अधीक्षक अमृत कुजूर यातायात टीम के साथ तत्काल घटना स्थल पहुंचे। घटना स्थल में ट्रक सड़क मार्ग के बीचों बीच पलटा हुआ था, जिससे दोनों ओर से वाहनों की आवाजाही में राहगीरों को परेशानी हो हो रही थी। साथ ही ट्रक में आग लगने, सिलेंडर फटने का डर भी आने जाने वाले राहगीरों को लग रहा था। इस दौरान तत्काल यातायात बल द्वारा क्रेन की मदद से ट्रक को सड़क से हटाकर किनारे किया गया। जिससे यातायात सुविधा तत्काल बहाल हो गई।

# 104 वाहन चालकों पर चालानी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिला बलौदाबाजार–भाटापारा पुलिस द्वारा यातायात के नियमो का अवहेलना करने वाले 104 वाहन चालकों से कुल 45,800 रुपए समन शुल्क वसूल किया गया है। विशेष अभियान चलाकर कसडोल, भाटापारा, सिमगा एवं बलौदाबाजार में बैंकों के बाहर अव्यवस्थित एवं नो पार्किंग में खड़े वाहनों के विरुद्ध की सख्त कार्रवाई की गई। बिना हेलमेट धारण किये वाहन चलाने वाले 16 वाहन चालकों से 8000 रुपए समन शुल्क वसूल किया गया। जांच के दौरान पुलिस अधिकारी के आदेशों की अवहेलना करने वाले 4 वाहन चालकों से 2000 रु समन शुल्क वसूल किया गया। इसी प्रकार दोपहिया वाहन में तीन सवारी चलने के मामलों में कुल 14 वाहन चालकों से 4200 समन शुल्क वसूल किया गया। इसके अलावा बिना नंबर के वाहन चलाने वाले कुल 06 वाहन चालको से 1800 समन शुल्क वसूल किया गया। चेकिंग के दौरान मौके पर लाइसेंस पेश नहीं करने वाले 7 वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई कर 2100 समन शुल्क वसूला किया गया। शराब पीकर वाहन चलाने वाले चालकों के विरुद्ध कार्रवाई कर 5 वाहन जब्त किए गये, जिसे न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। बैंकों के बाहर अव्यवस्थित एवं नो पार्किंग में वाहन खड़ी करने वाले 30 वाहन चालकों से 9000 समन शुल्क वसूल किया गया है।

■ 45 हजार से अधिक समन शुल्क वसूला, बैंकों बाहर खड़ी गाड़ियों का भी काटा चालान



मिली जानकारी के अनुसार जिला बलौदाबाजार–भाटापारा पुलिस द्वारा यातायात नियमों की अवहेलना करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही हैं। इसी क्रम में मंगलवार को यातायात पुलिस द्वारा जिले कसडोल, भाटापारा, सिमगा एवं जिला ▶▶ शेष पेज 11 पर


हरिभूमि पाठक सूचना
बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8224035555, 8370049468


**शिवरतन शर्मा की पहल पर कार्यक्रम में शामिल हुए सीएम ने दी सहमति**

# 2 करोड़ में होगा भाटापारा क्षेत्र का विकास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा की विशेष मांग पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने गुर्रा से जोगीदीव्य मार्ग निर्माण के लिए 1 करोड़ 3 लाख की स्वीकृति दी। वहीं आदिवासी समाज के आहाता निर्माण के लिए 22 लाख व तरेंगा से दोरेंगा धरसा मार्ग तक सड़क निर्माण की स्वीकृति दी। कार्यक्रम में शामिल हुए सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कहा की आप शिवरतन शर्मा को विधायक बनाये या ना बनाये आपके क्षेत्र की लड़ाई लड़ने वाला अगर कोई है तो वह है शिवरतन शर्मा। उन्होंने कहा की पूर्व में शिवरतन शर्मा के विधायकी कार्यकाल में अनेक ऐतिहासिक विकास कार्य हुये हैं और आगे भी क्षेत्र के विकास कार्यों के लिये शासन से जद्दोजहद कर रहे हैं। नवनिर्वाचित सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने भाटापारा क्षेत्र की जनता का आभार जताया, जिन्होंने उन्हें 23 हजार अधिक मतों से विजयी बनाकर अपना जनादेश दिया। उन्होंने कहा की उच्च नेतृत्व प्रदान कर नरेन्द्र मोदी सरकार ने आदिवासियों का सम्मान बढ़ाया केन्द्र सरकार से राज्य व संसदीय क्षेत्र के विकास व लाभ हेतु केन्द्र शासन के हर योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ मिल सके इसका विशेष प्रयास करते रहेंगे।






खबर संक्षेप

## झाड़ी में मिला नवजात का शव, जांच के बाद जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** झाड़ी में मिले नवजात शिशु के शव के मामले में सिटी कोतवाली थाने में पीएम रिपोर्ट आने के बाद अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ जुर्म दर्ज कर पुलिस ने जांच विवेचना शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि वार्ड नंबर 9 नयापारा महासमुंद में 10 जनवरी 2024 को झाड़ी के पास एक मानव शिशु (नर भ्रूण) का शव होने की सूचना मिली थी। इसके बाद महासमुंद थाने मर्ग कायम कर जांच शुरू करते हुए अज्ञात नवजात शिशु (भ्रूण) के शव का विधिवत पंचनामा कार्रवाई कर डॉ भीमराव अंबेडकर अस्पताल रायपुर से पीएम कराया गया। पुलिस ने बताया कि मर्ग जांच में पाया गया कि किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा मानव शिशु (नरभ्रूण) की मृत्यु उसके जन्म से पूर्व या पश्चात या जन्म के दौरान में हुई हो, ऐसे शिशु के जन्म एवं मृत्यु को छुपाने के उद्देश्य से उसके शव को नयापारा खुला मैदान झाड़ी में लावारिस स्थान पर फेंका गया होगा। अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 318 भादवि के तहत जुर्म दर्ज किया है।

# एसडीएम दफ्तर में भाजपाइयों ने सुनी लोगों की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



पूर्व विधायक एवं भाजपा प्रदेश प्रवक्ता डॉ विमल चोपड़ा एवं अन्य कार्यकर्ताओं ने बीते बुधवार की तरह इस बार भी सुबह 11 बजे से 12 बजे तक एसडीएम कार्यालय परिसर में लोगों से भेंट की। इस दौरान उन्होनें ग्रामीण और शहरी क्षेत्र के लोगों की समस्याएं सुनी। विगत कई बुधवार लोगों से भेंट कर पता चलता है कि राजस्व विभाग और अन्य विभागों में कई केस पेंडिंग पड़े है। एसडीएम कार्यालय में एक दिन में लगभग 15-20 प्रकरण आता है। परंतु, इतने बड़े कार्यालय और इतने बड़े अमले में 20 से 25 कर्मचारियों के होते हुए भी सही समस्याओं का निराकरण नहीं हो पाता। जिससे पता चलता है कि कर्मचारियों का अपने कार्य के प्रति उदासीनता है। इतने दिनों में लोगों से मिलकर पता चला है कि लोगों के प्रकरणों का पटवारी, आरआई द्वारा जांच के पश्चात सही होने पर भी आवेदन खारिज कर दिया जाता है। 3-4 साल घुमाने के बाद आवेदन सही होते हुए भी आवेदन गलत है कहकर निरस्त कर दिया जाता है। लोग कई सालों से भटक रहे है और इन समस्याओं से पीड़ित हैं। किसानों को अपने कागजातों के ना होने से बीज, खाद नहीं मिल पा रहा है। लोगों का लाखों का नुकसान हो रहा है। चोपड़ा ने अफसरों से निवेदन किया है कि पीड़ित लोगों की सही समस्याओं को सुने और उनके प्रकरणों का जितना जल्दी हो सके निराकरण करें। लगातार लोगों से भेंट करने के परिणाम स्वरूप लोगों में एक आस जगी है। लोगों ने अपनी अपनी समस्याएं डॉ चोपड़ा के समक्ष प्रस्तुत किए, जिसमें संतराम चक्रधारी बरोंडाबाज़ार, रोहित मारकंडे बरोंडाबाज़ार, विजय सिंह रावणभाठा, धनेश कुमार साहू लाफिन खुर्द, भास्कर निषाद महासमुंद, गोविंद सिंह ठाकुर मुढ़ेना, अंजोर सिंह ध्रुव कुरुभाठा की समस्याएं सुनने के पश्चात डॉ चोपड़ा ने एसडीएम और तहसीलदार से मिलकर चर्चा की और लोगों की समस्याओं का जल्द से जल्द निराकरण करने को कहा।

डॉ चोपड़ा ने कहा कि 7 दिन के बाद अगले बुधवार को समस्याओं की समीक्षा की जायगी। हर बुधवार को डॉ चोपड़ा और अन्य साथियों द्वारा जो राजस्व विभाग या अन्य विभाग की समस्याओं से पीड़ित लोग है उनसे भेंट कर उनकी समस्याओं का सुलह किया जाएगा। भेंट के दौरान पार्षद देवीचंद राठी, छन्नू साहू, हनीश बग्गा, मेघराज चंद्रसेन, जितेंद्र साहू, सुरेंद्र यादव उपस्थित रहे।

# प्लास्टिक बैग पर्यावरण के साथ दुनिया के लिए खतरा, इसका न करें उपयोग : राशि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

अंतर्राष्ट्रीय प्लास्टिक बैग फ्री दिवस

- नागरिकों में जागरूकता लाने नपाध्यक्ष ने सब्जी बाजार में किया जुट बैग का वितरण



पर नगर पालिका अध्यक्ष राशि त्रिभुवन महिलांग के नेतृत्व में नगर पालिका परिषद के अधिकारी-कर्मचारियों ने शहर के बिन्नी बाई सब्जी बाजार पहुंच ग्राहकों को जूट के बैग वितरित कर नागरिकों से पालीथिन बैग का उपयोग न करने की अपील की। नपाध्यक्ष श्रीमती महिलांग ने कहा कि बिगड़ता पर्यावरण दुनिया के लिए खतरा बनता जा रहा है। प्लास्टिक के बैग्स डीकंपोज होने में सैकडों सालों का समय लगता है। जिसके कारण ये पर्यावरण के लिए गंभीर चुनौती बनकर सामने आए हैं। आज से अभी से हमको प्लास्टिक का उपयोग करना बंद करना होगा। मुख्य नगर पालिका अधिकारी लवकेश कुमार ने कहा कि पर्यावरण पर सिंगल यूज प्लास्टिक बैग के हानिकारक प्रभावों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए हर साल अंतरराष्ट्रीय प्लास्टिक बैग मुक्त दिवस मनाया जाता है। यह दिन दुनियाभर में व्यक्तियों, समुदायों और व्यवसायों को कार्रवाई करने और प्लास्टिक बैग पर अपनी निर्भरता कम करने के लिए एक रिमाइंडर के तौर पर काम करता है। प्लास्टिक की थैलियां प्रदूषण फैलाती हैं, वन्य जीवन को नुकसान पहुंचाती हैं और समय पर डिकम्पोज होने से इको सिस्टम को बड़ा नुकसान होता है। इस दौरान उप अभियंता दिलीप कश्यप, स्वच्छता निरीक्षक दिलीप चंद्राकर, जल प्रभारी सीताराम तेलक, यशवंत ठाकुर, उमेश साहू, स्वच्छ भारत मिशन के नीतू प्रधान, नौशाद बक्श, रमा महानंद, आदि शामिल रहें।



## मितान योजना के तहत हितग्राहियों के घर पहुंच नपाध्यक्ष राशि ने दिया प्रमाण पत्र

**महासमुंद।** पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा शुरू की गई मितान योजना को वर्तमान की भाजपा सरकार ने भी जारी रखा है। योजना के तहत शहर के नागरिकों द्वारा किए गए आवेदन पश्चात शासन की ओर से जारी विवाह, जन्म, निवास, मृत्यु जैसे आदि प्रमाण पत्रों को मितान हितग्राहियों को घर पहुंचा कर दे रहे हैं। बुधवार को नगर पालिका अध्यक्ष राशि त्रिभुवन महिलांग ने योजना के तहत आवेदन करने वाले आवेदकों को जारी प्रमाण पत्रों को मितानों के साथ उनके घर पहुंचकर वितरित किया। इसके लिए हितग्राहियों ने पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार द्वारा शुरू की गई योजना की प्रशंसा की और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और नगर पालिका अध्यक्ष राशि त्रिभुवन महिलांग का आभार व्यक्त किया। प्रमाण पत्र पाकर हितग्राहियों के चेहरे खिल उठे। इस पर हितग्राहियों ने कहा कि भूपेश शासन में शुरू की गई यह योजना न सिर्फ प्रशंसानीय बल्कि इससे उनको अब प्रमाण पत्र के लिए लोक सेवा केंद्रों के चक्कर नहीं लगाना पड़ रहा है। उन्हें आवेदन करने के बाद ही तय तिथि में घर पर प्रमाण पत्र मिल जा रहा है। वितरण के दौरान उनके साथ पूर्व पार्षद यशोदा ध्रुव, माया पांडेय, आरती महंती, समीक्षा महंती, नपाध्यक्ष सहयोगी नीरज परोहा और युवा नेता अरिश अनवर व अन्य मौजूद रहें।

# शाला प्रवेशोत्सव में शामिल हुईं भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष सरला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली



विधानसभा क्षेत्र के बड़े साजापाली के शासकीय हाईस्कूल में आयोजित शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में शामिल हुई। भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं महिला मोर्चा के प्रदेश प्रभारी श्रीमती कोसरिया ने अपने उद्बोधन में कहा कि छात्र-छात्राओं को अपने इस विद्यार्थी जीवन में ही अपना लक्ष्य निर्धारित करना चाहिए और उस लक्ष्य के प्राप्ति के लिए लगन, मेहनत और कठोर परिश्रम के लिए कृत संकल्पित रहना चाहिए तथा सभी विद्यार्थियों को आज ही अपना लक्ष्य निर्धारित करने के लिए कहा गया। स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन का वास होता है। अपने शरीर को स्वस्थ रखने के लिए योग व्यायाम बहुत जरूरी हैं। योग करने से एक और जहां मन को सुकून मिलता है। दूसरी ओर एकाग्रता का विकास होता है, जो हमारे अध्यापन कार्य में बहुत सहायक सिद्ध होते है। योग हमारे शरीर को स्वस्थ संतुलित रखने में मदद करता है, इसलिए विद्यार्थियों को शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ एवं स्वच्छ रहने के लिए आसन, प्राणायाम के साथ ध्यान करने पर जोर दिया है। योग हमारे शरीर को स्वस्थ संतुलित रखने में मदद करता है। योग करने से हमारे शरीर में ताजगी एवं स्फूर्ति आती है। योग करने से हमारे मन को एकाग्रता मिलती है। विद्यार्थी जीवन में तो योग बड़ा महत्त्व है। विद्यार्थी जीवन में छात्रों को योग अपनाकर शिक्षा ग्रहण करनी चाहिए। योग हमारे जीवन का अभिन्न अंग है। हमारा देश युवा देश है और हमारे देश में 65 प्रतिशत युवा रहते है, जो हमारे देश के भविष्य है। स्कूल के शिक्षकों से विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ साथ विद्या ग्रहण करने पर बल दिया है। सप्ताह में एक दिन नैतिक शिक्षा के विषय पर उद्बोधन या कार्यशाला करने के लिए निवेदन किया है।

श्रीमती कोसरिया ने आगे बताया कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों से एक पेड़ मां के नाम देश व्यापी अभियान के तहत अपने माँ के नाम से एक पेड़ लगाने का आव्हान किया है। उसी तारतम्य में शासकीय हाई स्कूल बड़े साजापाली में शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम के पश्चात शाला परिसर में भंवरपुर मंडल के भाजपा कार्यकर्ताओं, शिक्षकों और छात्र-छात्राओं के साथ वृहद पौधारोपण किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सरपंच प्रतिनिधि पंकज साहू, जनपद सदस्य ताराचंद साहू, उपसरपंच क्षेमकुमार साहू, श्रीराम साहू, हेमलाल कोसरिया, महक अग्रवाल, पूजा अग्रवाल, रतन बंजारे, झनकराम चौधरी, डेविड चौधरी, केशव साहू, लखेसिंग बाघ, किशन जायसवाल, ईश्वर जांगड़े, प्रकाश सिदार, प्राचार्य यूएस पटेल के साथ सभी शिक्षकगण और ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## दो लोगों ने युवक से मोबाइल और नकद रकम लूटा

**महासमुंद।** सरायपाली के नई मंडी गेट के सामने दो लोगों ने एक युवक से नगद रकम, मोबाइल को लूट लिया और फरार हो गए। मामले को लेकर युवक के पिता ने सरायपाली थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस को मुड़पहार(केजुंवा) के टिकेलाल भोई पिता जगतराम भोई (44 साल) ने बताया कि 2 जुलाई को 8 बजे मैने अपने लड़के तुषार भोई को धान बीज लाने उसके दोस्त सुमीत सिदार पिता नरेश सिदार कृषि दुनिया सरायपाली भेजा था। जहां पर धान बीज की राशि जमा करने पश्चात कृषि दुनिया दुकान सरायपाली के दुकानदार के द्वारा एक पर्ची देकर मेरे लड़के तुषार को नई मंडी स्थित गोदाम जाने कहा। जब मेरा लड़का अपने साथी नरेश सिदार के साथ 8:30 बजे से 9 बजे के बीच नई मंडी स्थित गोदाम पहुंचा, तो वहां पर एक मोटर सायकल एम80 बजाज सीजी 06 1345 में दो व्यक्ति आए और जो मेरे बेटे व उसके दोस्त को हाथ दिखाकर रोके और बोले हमारी गाड़ी खराब हो गई है। साथ ही अपना नाम अमजद खान एवं गिरधारी भोय निवासी सरायपाली बताया। इसी दौरान अचानक वे लोग मेरे बेटे तुषार के पास रखे नगदी रकम 2100 रुपए एवं रेडमी नोट 8 मोबाईल को लूटकर मोटर सायकल एम80 बजाज सीजी 06 1345 में बैठकर भाग गये। प्रार्थी की रिपोर्ट पर सरायपाली थाने में आरोपियों के विरूद्ध धारा 309 (4) बीएनएस 2023 के तहत अपराध दर्ज कर मामले की विवेचना शुरू कर दी है।

# पेंशनरों की नियमित मासिक बैठक, ठगी से बचने दी गई सलाह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

पेशनर्स एसोशिएशन छग तहसील शाखा महासमुंद की नियमित मासिक बैठक 01 जुलाई को निर्धारित स्थल गायत्री मंदिर परिसर बेमचा में हुई। इस बैठक के प्रारंभिक चरण में सरस्वती पूजन के पश्चात संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारी अरूण तिवारी (पुलिस विभाग) के आकस्मिक निधन पर शोक व्यक्त करते हुए दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्धाजंलि अर्पित की गई। मीडिया प्रभारी एवं सभा के सचांलक अश्वनी शर्मा ने उनके व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। उल्लेखनीय है कि स्व. तिवारी पेंशनर्स एसोसिएशन महासमुंद के प्रमुख कार्यकर्ताओं में से एक थे, जिन्होंने संगठन के कार्य एवं विस्तार के प्रति समर्पित होकर कार्य कि। बैठक की अगली कड़ी में भगत साहू (गायत्री परिवार) ने सभी पेशनरों को वर्तमान की महत्वपूर्ण तिथियों को विस्तार से स्मरण कराते हुए अपील की, कि अपने परिवार के छोटे बच्चों को भारत देश की महत्वपूर्ण वीरांगनाओं तथा देशभक्तों के विषय में अवश्य बताएं तथा जीवन में काम आने वाले सुविचारों से अवगत कराएं। भगत के प्रेरक व्याख्यान के पश्चात संगठन के नये सदस्यों क्रमशः संतोष कुमार साहू शिक्षा विभाग, चोवाराम साहू-वन विभाग, रामबाई-जल संसाधन विभाग, बिरीज बाई-जल संसाधन विभाग का गुलाल लगाकर, फल भेंटकर गोवर्धन साहू ग्रामीण उपाध्यक्ष के नेतृत्व में चमन साहू, संगठन मंत्री, विनोद जोशी-कोषाध्यक्ष, राधेश्याम दुबे-सहसचिव, पुरषोत्तम शर्मा, शिवकुमार साहू-सचिव, भूषण भोसले-संगठन मंत्री ने स्वागत किया। उपस्थित सभी पेंशनरों ने जोरदार तालियों से सभी का स्वागत किया। नये सदस्यों ने अपना परिचय दिया। इसके उपरांत भारतीय स्टेट बैंक महासमुंद के चीफ मैनेजर प्रवीण जैन एवं राजन कुमार (इनवेस्ट प्रमुख) ने सभी पेंशनरों को सचेत करते हुए कहा कि अपने बचत खाते के विषय ने किसी भी प्रकार की जानकारी ओटीपी, मोबाईल नंबर, खाता नंबर किसी भी अनजान व्यक्ति को शेयर न करें, बैंक आपसे कभी भी ऐसी जानकारी नहीं मांगता, किसी प्रकार का संदेह होने पर तत्काल बैंक की शाखा में आकर सूचित करें तथा हेल्पलाइन नंबर 18001234 पर खाता को ब्लाक करवा लें, बैंक के अधिकरियों ने पेंशनरों के सभी प्रश्नों का समाधान करते हुए भरपूर सहयोग का आश्वासन दिया। सचिव शिवकुमार साहू ने बैंक अधिकारियों का आभार व्यक्त किया। पुरूषोत्तम शर्मा ने आध्यात्मिक चर्चा के दौरान आगामी रथयात्रा के परिप्रेक्ष्य में जगन्नाथ भगवान के संबंध मे सारगर्भित जानकारी दी। तदुपरांत माह जुलाई में जन्मदिन वाले पेंशनर जो आज उपस्थित रहे है क्रमशः विनोद जोशी, शिवनंदन भोसले नारायण आदि का संगठन के वरिष्ठ सदस्यों देवनारायण बिसेन, अर्जुन साहू, विष्णुप्रसाद साहू, चोवाराम, नेहरू बोधनलाल साहू, आईएम कुरैशी द्वारा गुलाल लगाकर बधाई दी गई। सभी सदस्यों के शतायु होने की कामना की। बैठक के अंतिम चरण में जलपान पश्चात सभा मे वरिष्ठ सदस्य एमपी साहू ने समय प्रबंधन पर अपने विचार व्यक्त किए। पश्चात सभी पेंशनरों को पूर्व में की गई कार्यवाही की जानकारी सचिव शिवकुमार साहू द्वारा दी गई तथा पेंशनरों से उसकी समस्याओं को सभापटल पर रखने का अनुरोध किया। बैठक में शासन द्वारा लंबित 4 प्रतिशत मंहगाई राहत के भुगतान के लिए आदेश जारी नहीं करने पर आक्रोश व्यक्त कर तत्काल कार्यवाही की मांग की गई। बैठक के अंत में संगठन मंत्री चमनलाल साहू ने आभार जताया। बैठक में प्रमुख रूप से बोधनलाल साहू, धरनीधर दीवान, रेवाराम साहू, राधेश्याम चंद्राकर, एमपी साहू, जीएस ठाकुर, डीएस साहू, रमेश गुप्ता, टोपसिंह दीवान, एलके साहू, मुरलीधर पटेल, जगमोहन साहू, आईएम कुरैशी, गोकुलदास मानिकपुरी, तिलचंद यादव, निर्मल निषाद, योधराम आदि उपस्थित रहे।



## शहर में आज से दो बार होगी जलापूर्ति

**महासमुंद।** ग्रीष्मकाल में जलसंकट को देखते हुए पालिका द्वारा नागरिकों की सुविधा के लिए शुरू की गई तीन टाइम जलापूर्ति को गुरुवार 4 जुलाई से बंद किया जा रहा है। नगर पालिका अध्यक्ष राशि महिलांग ने बताया कि गुरुवार 4 जुलाई से शहरवासियों को पूर्व की तरह सुबह-शाम दो टाइम ही जलापूर्ति की जाएगी।

## शौण्डिक समाज ने सीएम से की मुलाकात



**रायपुर।** विधानसभा रोड स्थित निजी होटल में मंगलवार को छत्तीसगढ़ प्रदेश शौण्डिक समाज की कार्यकारिणी और पदाधिकारियों की बैठक हुई। इसमें प्रदेश के सभी जिलों से पदाधिकारी शामिल हुए। बैठक में समाज के प्रदेशाध्यक्ष शिवरतन प्रसाद गुप्ता ने सामाजिक हित में संगठन को मजबूत करने के लिए 16 एजेंडा-विजन डॉक्यूममेंट पर अपनी बात रखी। बैठक में सामाजिक विषयों पर चर्चा के लिए समाज के सभी कार्यकारिणी और पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री को शॉल और श्रीफल भेंटकर अभिनंदन किया गया।

# भाजपा पार्षद दल ने नगरीय प्रशासन मंत्री से की मुलाकात



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे के नेतृत्व में भाजपा पार्षद दल ने मंगलवार को उपमुख्यमंत्री व नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव से मुलाकात की। इस दौरान रायपुर नगर निगम को विभिन्न मदों में विकास कार्यों के लिए करोड़ों रुपए की राशि प्रदान करने के लिए विभागीय मंत्री का धन्यवाद ज्ञापित किया और उनसे यह अपेक्षा रखी कि आगे भी राजधानी के विकास में उनका सहयोग मिलता रहेगा। नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे ने कहा है, जब से भारतीय जनता पार्टी की सरकार आयी है, समय-समय पर विभिन्न मदों में छत्तीसगढ़ शासन नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा विकास के लिए राशि प्रदान की गई है। महापौर निधि, अध्यक्ष निधि के साथ पार्षद निधि का पैसा भी रायपुर नगर निगम को मिल गया है। इसके साथ ही छत्तीसगढ़ शासन के अन्य नगरीय निकायों को भी यह राशि मिल चुकी है। नगरीय प्रशासन मन्त्री अरुण साव ने नगर निगम में प्री ऑडिट की व्यवस्था को बदलने का निर्णय लिया है। भाजपा पार्षद दल इसका स्वागत करता है। उप मुख्यमंत्री अरुण साव जी से मिलने गए प्रतिनिधि मंडल में नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे, उप नेता मनोज वर्मा, प्रवक्ता मृत्युंजय दुबे, जोन अध्यक्ष प्रमोद साहू, विनोद अग्रवाल, सीमा सन्तोष साहू, सरिता वर्मा, सीमा कन्दोई, सुशीला धीवर, चन्द्रपाल धनगर, दीपक जायसवाल, रोहित साहू, विश्वदिनी पाण्डेय, कमलेश्वरी वर्मा, कामिनी पुरषोत्तम देवांगन, गोदावरी साहू, भोलाराम साहू, गोपी साहू सहित भाजपा पार्षद गण उपस्थित रहे।

# विधि विभाग कर्मचारी संघ के अध्यक्ष बने सिन्हा संविदा रोकने ज्ञापन सौंपा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मंत्रालयीन कर्मचारी संघ से अलग विधि विभाग के कर्मचारियों ने अपना संगठन बनाया है। इस विभागीय कर्मचारी संघ के अध्यक्ष अनिल सिन्हा को बनाया गया है। उप सचिव सिन्हा के साथ कई और पदाधिकारियों का मनोनयन किया गया है। नए संगठन ने विभाग में सेवानिवृत अफसर को संविदा नियुक्ति देने की प्रक्रिया का विरोध भी शुरू कर दिया और शासन को इस संदर्भ में ज्ञापन भी सौंपा। विभाग के कर्मचारियों को कहना है कि विभागीय कार्यों में दक्षता नहीं रखने वाले और अपने सेवाकाल के दौरान कर्मचारियों के प्रति नकारात्मक और पक्षपात पूर्ण व्यावहार रखने वाले अफसर को संविदा नियुक्ति देने की प्रक्रिया चल रही है, जिसका कर्मचारी विरोध कर रहे हैं। कर्मचारियों ने कहा, उनको संविदा नियुक्ति दिए जाने से शासकीय कार्य प्रभावित होंगे। विभागीय संघ के गठन के संदर्भ में अध्यक्ष श्री सिन्हा ने बताया कि राज्य निर्माण के बाद मंत्रालय कर्मचारी संघ द्वारा विधि विभाग के कर्मचारियों की समस्याओं के निराकरण के संबंध में ध्यान नहीं दिया जाता। इसलिए विधि विभाग के कर्मचारियों ने अपनी विभागीय समस्याओं के निराकरण के लिए पृथक से विभागीय कर्मचारी संघ का गठन किया है।

**एम्स के अधिष्ठाता का दिल्ली में हुआ सम्मान : रायपुर।** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन की राष्ट्रीय इकाई की ओर से अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान के अधिष्ठाता (शैक्षणिक) प्रो. आलोक चंद्र अग्रवाल को रोगियों के उपचार में उल्लेखनीय योगदान के लिए नई दिल्ली में सम्मानित किया गया। डाक्टर्स डे के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. आरवी अशोकम और महासचिव डॉ. अनिलकुमार जे नायक ने प्रो. अग्रवाल को यह सम्मान प्रदान किया। उन्होंने शैक्षणिक प्रक्रिया में नवाचार को अपनाने पर प्रो. अग्रवाल को नए चिकित्सकों के लिए रोल मॉडल बताया। प्रो. अग्रवाल को आईएमए की ओर से 'एमिनेंट डॉक्टर पर्सनेल्टी' अवार्ड प्रदान किया गया। कार्यपालक निदेशक लेफ्टिनेंट जनरल अशोक जिंदल (सेवानिवृत्त) और एम्स के चिकित्सकों ने उन्हें इस प्रमुख उपलब्धि के लिए बधाई दी है।

# एनएसयूआई जिलाध्यक्ष पर फेंका गंदा पानी बौराए नेताओं का बवाल, घंटों चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



मंगलवार को हुए एनएसयूआई के प्रदर्शन में जमकर हंगामा हुआ। एनएसयूआई छात्र राजधानी में आदिवासी छात्र की हुई हत्या का विरोध करने पहुंचे हुए थे। कालीबाड़ी चौक में नारेबाजी और विरोध-प्रदर्शन के बाद छात्रों ने मुख्यमंत्री और गृहमंत्री का पुतला जलाया। इसे बुझाने के लिए पुलिसकर्मियों द्वारा पानी डाला गया। पुतला बुझने के बाद पुलिसकर्मियों द्वारा गंदा पानी एनएसयूआई कार्यकर्ताओं पर उड़ेल दिया गया। इसमें जिलाध्यक्ष शांतनु झा सहित कई अन्य कार्यकर्ता भीग गए। इसके बाद एनएसयूआई ने कालीबाड़ी चौक जाम कर दिया। शाम 5 से 6 बजे तक कालीबाड़ी चौक से गुजरने वाले मार्ग का यातायात प्रभावित रहा।

चक्काजाम के बाद पुलिस एनएसयूआई कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार कर कोतवाली थाने ले गई। गौरतलब है कि बीते दिनों राजधानी में लोहांडीगुड़ा के छात्र की हत्या कर दी गई थी। इसके विरोध में एनएसयूआई ने पुतला फूंकते हुए सीएम और गृहमंत्री से इस्तीफे की मांग की। देर शाम हो रही बारिश के बाद भी छात्रों ने भीगते हुए प्रदर्शन जारी रखा। इस दौरान ही प्रदर्शन ने उग्र रूप ले लिया।

# चार कबाड़ दुकानों में छापा, एक टन जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



राजधानी रायपुर के खमतराई क्षेत्र में पुलिस ने चार कबाड़ दुकानों में छापामार कार्रवाई की। इस दौरान इन दुकानों से लगभग एक टन लोहा-स्क्रैप, राड कबाड़ जब्त किया है, जिसकी कीमत करीब 60 हजार रुपए आंकी गई है। शहर में कबाड़ का अवैध कारोबार लगातार बढ़ रहा है। शहर में ऐसे कई कबाड़ी है, जिनके पास कबाड़ खरीदी का बिल ही नहीं रहता है, इस तरह कबाड़ी कम दाम में बिना बिल के कबाड़ खरीदकर महंगे दाम पर बेचकर जमकर मुनाफा कमाते हैं। यही नहीं, कई कबाड़ी चोरी का कबाड़ भी खरीदी करते हैं। खमतराई क्षेत्र में पुलिस ने अवैध कारोबार को रोकने के लिए छापामार कार्रवाई की। इस कार्रवाई के दौरान पुलिस ने चार कबाड़ दुकानों में छापा मारा, जहां से करीब 1 टन कबाड़ जब्त किया। पुलिस ने जब्ती से पहले चारों दुकान के संचालकों को कबाड़ से संबंधित बिल दस्तावेज मांगे थे, लेकिन उनके द्वारा प्रस्तुत नहीं किया गया। इसके बाद पुलिस ने अवैध कबाड़ को जब्ती बना लिया।

## खबर संक्षेप

### खल्लारी में हुई कंवर पैकरा समाज की बैठक

**महासमुंद।** कंवर पैकरा समाज की बैठक खल्लारी के राम जानकी भगवान मंदिर परिसर में हुई। इसमें महासभा पदाधिकारियों एवं सर्कल अध्यक्षों के साथ आगामी रथयात्रा बड़े धूमधाम से मनाने पर चर्चा की गई। मंदिर जीर्णोद्धार खल्लारी राम जानकी सीता माता का मूर्ति नव स्थापना, मंदिर को सजाने एवं आगामी रुपरेखा तैयार कर जोर-शोर से सभी मनाने की अपील की गई। यह जानकारी युवा आदिवासी नेता एवं कंवर समाज खल्लारी मीडिया प्रभारी हरीश दीवान ने दी है।

### रक्तदान व निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन

**सरायपाली।** पंकज मेडिकोज एवं मारवाड़ी युवा मंच जागृति शाखा सरायपाली के नेतृत्व में कुटेला चौक में विशाल रक्तदान एवं निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ समिति के अध्यक्ष रीना अग्रवाल द्वारा फीता काटकर किया गया। शिविर में 35 लोगों ने रक्तदान किया। 120 लोगों का नेत्र परीक्षण किया गया। साथ ही एक निःशुल्क कार्निया ऑपरेशन भी किया गया। इस दौरान बिहारी लाल अग्रवाल एवं विष्णु अग्रवाल ने नेत्रदान किया। रक्तदाताओं को मोमेंटो व प्रमाण पत्र दिया गया। सभी का पौधा और पुष्प गुच्छ देकर सबका सम्मान किया गया।

### बंसुला स्कूल में मनाया गया प्रवेशोत्सव

**बसना।** शासकीय प्राथमिक शाला एवं पूर्व माध्यमिक शाला बंसुला में संयुक्त रूप से प्रवेश उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर गायत्री शक्तिपीठ के संयोजक एवं सेवानिवृत्त प्रधान पाठक देवचंद नायक उपस्थित थे। सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा मां सरस्वती एवं गायत्री माता की पूजन कर वैदिक विधि से मंत्र उच्चारण के साथ बच्चों का प्रवेश उत्सव मनाया। पश्चात अतिथियों द्वारा नव प्रवेशी बच्चों का तिलक एवं कलावा बांधकर स्वागत किया गया और साथ में गणेश एवं पुस्तक वितरण किया गया। जिसमें कक्षा पहली एवं कक्षा छठवीं के बच्चे उपस्थित थे। इस अवसर पर सरपंच प्रतिनिधी जन्मजय साव, शौकीलाल बारिक, संकुल समन्वयक गोवर्धन डडसेना, समिति के पदाधिकारी तथा अनेक पालक गण उपस्थित थे। कार्यक्रम में प्रधान पाठक दिनेश डडसेना, प्रधान पाठक प्रवीर कुमार बेहेरा, राजेश भोई, राजेश साव, सुजाता प्रधान, अनिता साहू, सीता साहू, पुष्पांजलि, चमेली सागर का योगदान रहा।

### विशाल वृक्ष को जड़ सहित उखाड़ा गया

**सरायपाली।** नगर के मुख्य मार्ग पर वर्षो पुराने पीपल का पेड़ पूरी तरह से जर्जर हो चुके पेड़ को गौरव पथ निर्माण एजेंसी द्वारा मामले की गंभीरता को देखते हुए जड़ सहित पेड़ को उखाड़ दिया गया। यह पेड़ काफी वर्षों पुराना होने के साथ साथ एक तरफ झुक चुका था। यह विशाल वृक्ष कभी भी अचानक गिर सकता था। जिससे काफी जन-धन नुकसान होने की संभावना बनी हुई थी। वहीं यह यातायात को भी प्रभावित कर रहा था। वर्तमान में अभी गौरव पथ के निर्माण चल रहा है। हालांकि, पथ निर्माण के दौरान इस पेड़ की कटाई होनी थी।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) पलारी जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

:: उद्घोषणा ::

आवेदक मीनाबाई साहू पति शिवकुमार साहू जाति तेली ग्राम खपरी स प.ह.नं. 04 तहसील पलारी जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ. ग.)

सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक मीनाबाई साहू पति शिवकुमार साहू जाति तेली निवासी ग्राम खपरी (स) तहसील पलारी जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) द्वारा ग्राम खपरी (स) प.ह.नं. 04 तहसील पलारी स्थित भूमि खसरा नं. 81 / 2 एवं 90/111 रकबा 0.0130 हे. एवं 0.0120 हे. भूमि राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदक द्वारा उक्त भूमि को आवासीय प्रयोजन के लिये छ. ग. भू. रा. संहिता 1959 की धारा 59 (2) के तहत व्यपवर्तित कर छ. ग.भू. रा. संहिता 1959 की धारा 172 (2) के तहत पुर्ननिर्धारण करने हेतु बी - 01, पी - 02 खसरा नक्शा ब्लू - प्रिन्ट सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उक्त आवेदित भूमि के संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है। उक्त आवेदित भूमि को आवासीय प्रयोजन हेतु परिवर्तित करने में जिस किसी व्यक्ति या कोई संस्था को दावा/ आपत्ति यदि कोई हो तो पेशी दिनांक 12/07/2024 को मेरे न्यायालय में स्वतः उपस्थित होकर या अपने वैध प्रतिनिधि के माध्यम से दावा आपत्तिया प्रस्तुत कर सकते है । नियत समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही होगी।

आज दिनांक 22/06/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी (रा.), पलारी

### कॉलेज में हुआ नये न्यायिक अधिनियम 2023 पर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन

# केंद्र सरकार के नये कानून में है वर्तमान परिस्थितियों का समावेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार




शासकीय दाऊ कल्याण कला एवं वाणिज्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय में नए न्याय संहिता के प्रावधानों के विषय पर एक दिवसीय सेमीनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एआरसी जेम्स ने भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता तथा भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 के विभिन्न प्रावधानों का वर्णन करते हुए बताया कि नये कानून आज के समय के अनुसार निर्मित किया गया है और भारत की वर्तमान परिस्थितियों के अनुसार प्रावधानों को सम्मिलित किया गया है।

कार्यक्रम में महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. यूके मिश्र ने कहा कि परिवर्तन प्रकृति का नियम है और कानून में भी आज परिवर्तन कर महिलाओं एवं बच्चों की व्यापक सुरक्षा को सुनिश्चित करते हुए इसके लिए अलग से अध्याय का निर्माण किया गया है। कार्यक्रम को नरेन्द्र देव मिर्झा ने सम्बोधित करते हुए कहा गया कि नये कानून का लागू किया जाना त्वरित न्याय प्राप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे, लेकिन वर्तमान में इसे सुचारू रूप से संचालित करना एक चुनौती भी है। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए विधि विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. नबी खान ने नये कानून को वर्तमान समय की आवश्यकता बताते हुए उसके प्रावधानों के बारे में विस्तार पूर्वक वर्णन किया। माब लिंचिग, आतंकवाद, महिलाओं एवं बच्चों से संबंधित अपराधों, देशद्रोह, अपराध में सजा के रूप में सामाजिक सेवा, अप्राकृतिक यौन संबंध आदि के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम में विधि विभाग के सहायक प्राध्यापक अभिषेक बंजारे ने नये कानून में तकनीकि उपकरणों एवं फारेंसिक साइंस का उपयोग पर जोर दिया गया है, जिससे त्वरित न्याय प्राप्त करने में तेजी से काम हो सके और न्यायालय में मामलें लंबित न रहे, इसके लिए कानून में समय का प्रावधान किया गया है। विधि विभाग के सहायक प्राध्यापक जयंत मिज ने कहा कि वर्तमान परिस्थितियों में नए कानून के प्रावधान शीघ्र न्याय प्रदान करने में सहायक होने के साथ–साथ भारतीय नागरिकों को न्याय व्यवस्था के प्रति विश्वास पैदा करने में महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम में महाविद्यालय के डॉ. एके उपाध्याय, डॉ. आरके मिश्रा, डॉ. सीके चन्द्रवंशी, डॉ. रीमारानी दास, एसएल नेगी, डॉ. राजू महोबिया, बी राय, पीएस चौहान, डॉ. राजेन्द्र वर्मा, डॉ. रीता यादव, सुशीला गिलहरे सहित महाविद्यालय के विद्यार्थी एवं समस्त अधिकारी–कर्मचारी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन एलएलबी के छात्र मेघ प्रकाश टण्डन एवं आभार प्रर्दशन एलएलएम के छात्र धनऊ कोसले द्वारा किया गया।

# युवक पर जानलेवा हमला घायल का उपचार जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हथबंध



नगर के दिलीप यादव पर जानलेवा हमला करने का मामला सामने आया है। घटना शनिवार रात लगभग 9 बजे की बतायी जा रही है। दिलीप यादव रोज की तरह बाजार चौक से होते हुए संगम चौक उड़ेला पहुंचा, जहां से वह अपने घर की ओर स्कूटी से आ रहा था तभी कुछ लोगों ने उन पर हमला कर दिया। हमले में सात आठ लोगों ने उनकी गाड़ी को धक्का देकर जमीन पर गिरा दिए, जब तक यादव संभल पाता तब तक युवक के समूहों ने मारपीट किए, जिससे वह अचेत हो गया। सके बाद हमलावर फरार हो गए।

इस दौरान वहां से गुजर रहे ग्रामीणों ने उन्हें उठाकर घर तक पहुंचाया। इस हमले से उन्हें गंभीर चोट आई है, जिससे उन्हें प्राथमिकी स्वाथ्य्य केंद्र ले जाया गया, जहां से उसे रायपुर रेफर कर दिया गया है।

# दृष्टिबाधित दिव्यांग काशीराम के आवेदन पर त्वरित कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

महासमुंद अंतर्गत ग्राम मामाभांचा के शत प्रतिशत दृष्टिबाधित दिव्यांग कांशीराम कमार सांस्कृतिक कार्यक्रम के जरिए अपनी जीविकोपार्जन चलाते थे। संगीत को एक आजीविका का आधार मानते हुए वे ऑर्गन बजाने में पारंगत हो गए। लेकिन, उनके पास खुद का ऑर्गन नहीं होने से उनके मन में निराशा छाई रहती थी। उन्होंने अपनी समस्या आवेदन के माध्यम से कलेक्टर प्रभात मलिक को प्रस्तुत किया। उनकी जरूरत और लगन को देखते हुए कलेक्टर ने तत्परता से समाज कल्याण विभाग को यंत्र उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। विभाग द्वारा तत्काल पहल करते हुए दो जुलाई को ही कलेक्टर प्रभात मलिक द्वारा कांशीराम को ऑर्गन प्रदान किया गया। यह उपकरण कांशीराम की आजीविका के लिए एक महत्वपूर्ण उपकरण होगा।

# प्रशासन ने पंचायतों में लगायी जन चौपाल व सुनी समस्याएं



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल

अनुविभाग अतर्गत ग्राम बैगनडबरी, खैरा (क), चरौदा(क) में बुधवार को अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, एसडीओपी, थाना प्रभारी, जनपद सीईओ, तहसीलदार कसडोल द्वारा ग्राम में जन चौपाल लगाकर जन समस्याएं सुनी गई। इसके बाद समस्याओं का त्वरित निराकरण किया गया। इसके अलावा एसडीएम ने अन्य समस्या के लिए संबंधित विभाग के अधिकारी व कर्मचारी को निर्देशित किया।

## पेज 9 का शेष

### समाज के विकास...

संयोजक सुरेंद्र साहू, शंकर साहू कार्यकारिणी सदस्य बलौदाबाजार, पन्ना लाल साहू, जीवन साहू अध्यक्ष साहू छात्रावास बलौदाबाजार, लीलाधर साहू संघठन मंत्री जिला साहू संघ बलौदाबाजार, जिला साहू संघ वरिष्ठ सलाहकार भंवर सिंह साहू, तहसील उपाध्यक्ष भरत साहू, सीताराम साहू अध्यक्ष रोहासी परिक्षेत्र, अर्जुन साहू सचिव रोहांसी परिक्षेत्र, युगल किशोर साहू तहसील उपाध्यक्ष बलौदाबाजार, पारसनाथ साहू सचिव भरसेला परिक्षेत्र, पारसमणि साहू जिला कार्यकारिणी युवा प्रकोष्ठ, बलदाऊ साहू अध्यक्ष बलौदाबाजार परिक्षेत्र, सहदेव साहू अध्यक्ष परिक्षेत्र साहू संघ मोपर, तिहारू साहू, अध्यक्ष परिक्षेत्र साहू संघ तरेंगा, सरोज कुमार साहू अध्यक्ष परिक्षेत्र साहू संघ मटिया, रामखिलावन साहू अध्यक्ष परिक्षेत्र साहू संघ दामाखेड़ा,सुरेन्द्र साहू उपाध्यक्ष परिक्षेत्र साहू संघ बलौदाबाजार,राजेश साहू दामाखेड़ा अतिथि के रूप में शामिल हुए। नवीन दायित्व व शपथ लेने वालों में मुख्य रूप से अध्यक्ष राजेश साहू, वरिष्ठ उपाध्यक्ष कल्याणी साहू, घनाराम साहू, सचिव मनीराम साहू, सह सचिव जीत नारायण साव, कोषाध्यक्ष तिलक साहू, अंकेक्षक मुकेश साहू, छात्रावास प्रभारी नभ नारायण साहू, सलाहकार अजय (अमृतांशु), संतोष साहू, किशन साहू, सुकृत साहू, अनूप साहू, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष कमला साहू, महिला संरक्षक हिरमत साहू, प्रमिला साहू, डॉ. वीणा साहू, कार्य. सदस्य रूखमणी साहू, सीता साहू, नीरा देवी साहू, युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष पीताम्बर साहू, सतीश साहू, सुरेश साहू, हेमंत साहू, सुखदेव साहू, कांति साहू,तरुण साहू, निकेश साव, समाज सेवक पीला राम साहू एवं भारी संख्या में समाज के स्वजातीय जन मौजूद रहे।

### 104 वाहन चालकों...

मुख्यालय बलौदाबाजार स्थित बैंकों के बाहर अव्यवस्थित एवं नो–पार्किंग जोन में वाहन खड़ी करने वाले लोगों एवं यातायात नियमों को तोड़ने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई करने के लिए सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। चेकिंग अभियान के दौरान मौके पर वाहनों के दस्तावेज प्रस्तुत नहीं करने, दोपहिया वाहन में तीन सवारी वाहन चलने वाले वाहन चालकों, बिना हेलमेट धारण कर, नो पार्किंग में वाहन खड़ा करने वाले, जांच के दौरान पुलिस अधिकारियों की आदेश की अवहेलना करने, बिना नंबर के वाहन चलाने वाले सहित यातायात नियमों की अवहेलना करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई ही करते हुए कुल 104 वाहन चालको से 45,800 रु समन शुल्क वसूल किया गया हैं। कार्रवाई के दौरान बैंकों के बाहर अव्यवस्थित एवं नो–पार्किंग जोन में वाहन खड़ा करने वाले 30 वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई कर 9000 रु समन शुल्क वसूल किया गया। शराब पीकर वाहन चलाने वाले चालकों के विरुद्ध कार्रवाई कर, कुल 05 वाहन जब्त किया गया, जिसे न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। इसी प्रकार बिना हेलमेट धारण किये वाहन चलाने वाले कुल 16 वाहन चालकों से 8000 समन शुल्क वसूल किया गया। जांच में पुलिस अधिकारी के आदेशों की अवहेलना करने वाले 4 वाहन चालकों से 2000 समन शुल्क वसूल किया गया। दोपहिया वाहन में तीन सवारी चलने के मामलों में कुल 14 वाहन चालकों से 4200 समन शुल्क वसूल किया गया। बिना नंबर के वाहन चलाने वाले कुल 6 वाहन चालको से 1800 समन शुल्क वसूल किया गया। मौके पर लाइसेंस पेश नहीं करने वाले 7 वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई का 2100 समन शुल्क वसूला गया। यातायात नियमों की अवहेलना करने वाले अन्य 22 वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई कर 18,700 समन शुल्क वसूल किया गया है। जिला बलौदाबाजार–भाटापारा पुलिस द्वारा यातायात नियमो के प्रति जागरूकता एवं यातायात नियमो के पालन हेतु सख्ती से लगातार कार्यवाही जा रही हैं। पुलिस आम नागरिकों से अपील करती हैं कि आम नागरिक यातायात के नियमो का पालन करें। पुलिस आपकी सेवा एवं सुरक्षा हेतु सदैव तत्पर हैं।

# रज्जाक बने प्रेस क्लब के अध्यक्ष यमलोक और केशव उपाध्यक्ष



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

नगर में बुधवार प्रेस क्लब की मासिक बैठक स्थानीय रेस्टहाउस में आयोजित की गई। बैठक में कोषाध्यक्ष हेम साहू द्वारा आय व्यय का लेखा जोखा प्रस्तुत किया गया। पश्चात प्रेस क्लब के नई कार्यकारणी का चुनाव किया गया, जिसमें सर्वसम्मति से रज्जाक खान प्रेस क्लब के नये अध्यक्ष बने। अध्यक्ष बनने के बाद उन्होंने सभी सदस्यों के प्रति कृतज्ञता प्रकट करते हुए इस जिम्मेदारी को निष्ठापूर्वक और ईमानदारी से निर्वहन करने की बात कही। कार्यकारिणी की चयन करते हुए यमलोक साहू और केशव साहू उपाध्यक्ष बनाए गए, संरक्षक शेखर वर्मा, सलाहकार मिथलेश शुक्ला व महेश ढीढी महासचिव श्रवण यादव, कोषाध्यक्ष हेम कुमार साहू, सह सचिव नीलकमल आजाद, मीडिया प्रभारी पनमेश्वर साहू को दायित्व सौंपा गया है। कार्यकारणी सदस्यों में मुकेश झा, टोमन साहू, छगन लाल यादव, अकत ढीढी, मिलेश यादव, हिमेश चेरियन, रिषभ चौबे, संजू साहू, फागू सेन बनाये गये।

# राहुल के हिन्दू विरोधी बयान पर भड़के भाजयुमो, किया पुतला दहन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| संडी-बंगला

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा सदन में हिंदू धर्म के खिलाफ टिप्पणी करने के मामले को लेकर बधुवार को भैंसा में उनका पुतला दहन किया गया।

पुतला दहन कार्यक्रम युवा मोर्चा समोदा मंडल, रामराज परिवार भैंसा परीक्षेत्र साथ ही बजरंग दल एवं श्री राम की सेना द्वारा किया गया। बस स्टैंड भैंसा चौक पर पुतला दहन किया गया। पुतला को बुझाने के लिए पुलिस पानी लेकर पहुंची, लेकिन कार्यकर्ता जलते पुतला को लेकर भागते रहे। इस अवसर पर युवा मोर्चा अध्यक्ष गोविंद वर्मा, महामंत्री अमन बघेल, केशव, भीषम ध्रुव, सिद्धू वर्मा, मानस वर्मा, सतीश वर्मा, चुनामनी वर्मा सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# डॉ. पूजा ने छात्रों बांटे स्कूल बैग

**भाटापारा।** डॉ. पूजा भृगु स्त्री रोग विशेषज्ञ द्वारा आदर्श स्कूल शासकीय प्राथमिक शाला लाल बहादुर शास्त्री वार्ड भाटापारा एवं शहीद वीर नारायण सिंग वार्ड के बच्चों को स्कूल बैग का वितरण कर समाज सेवा के क्षेत्र में एक मिसाल पेश की है। पूर्व में भी डॉक्टर द्वारा बच्चों को रैनकोट, जूता मोजा आदि का वितरण किया जाता रहा है। इस पुनीत कार्य के लिए शाला के प्रधान पाठक शत्रुहन डहरिया एवं समस्त स्टाफ प्रमोद वर्मा, वीरेन्द्र मानसरोवर, बंशी लाल चौहान, शत्रुघन कुर्रे और सविता सोनकर ने आभार प्रकट किया। स्कूल बैग पाकर नन्हें मुन्नें बच्चों के चेहरे खिल उठे। इन बच्चों के मुस्कान को बरकरार रखने शासन की मंशा के अनुरूप प्रधानमंत्री



पोषण शक्ति योजना के अंतर्गत मध्यान भोजन के लिए समाज को आगे आकर न्योता भोजन कराने की अपील शाला प्रमुख द्वारा की गई है।

### संगठन के सदस्यों ने लिया बढ़ चढ़कर हिस्सा

# छत्रपति निर्माणी संघ के पदाधिकारियों ने लिया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल





मजदूर नेता संतोष यदु ने समर्थक पदाधिकारियों के लिए दो दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन बलौदाबाजार जिले के बार नवापारा के जंगल में आयोजित किया, जिसमें बलौदाबाजार - भाटापारा जिले के सभी ब्लॉकों से उनके संगठन के पदाधिकारियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और दो दिनों तक संगठन की बारीकियों सहित संगठन विस्तार आमजनों की समस्याओं के लिए संघर्ष करते हुए गरीब मजदूर किसान को उनका हक़ अधिकार दिलाने उनकी लड़ाई को आगे भी जारी रखने के लिए सभी को प्रशिक्षण दिया गया। इसमें प्रमुख रूप से प्रशिक्षण देने गैर राजनीतिक संगठन छत्रपति निर्माणी संघ के प्रदेश अध्यक्ष ठाकुर, ओंकार सिंह, जांजगीर चापा के सदस्य भी शामिल हुए, जिनके द्वारा जंगल में ट्रैकिंग करते हुए कई चरण में अलग अलग लोकेशन में जाकर प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में संगठन के जिला प्रभारी भीखम यदु, जिलाध्यक्ष ओंकार वर्मा, बिंदेश राठौर, महासचिव शिवचंद निर्मलकर, मुकेश साहू, रोहित देवांगन, खिलेन्द्र सेन, राजा यदु, प्रकाश पाल, दीपक वर्मा, शंकर ध्रुव, जीतेन्द्र साहू, धीरज यादव, किशन यदु, मुकेश पटेल, देवनाथ निषाद, मंशाराम निषाद, खेलु राम यदु, भोला तुलसी साहू, गणपत यादव, संतोषी टंडन, धनेश्वर यदु, लक्षमन यदु, आकाश मरावी, रामखिलावन यदु, विजय यदु, राजकुमार तांडी, मनहरन यदु, संजय यदु, रोहित वर्मा, राज वर्मा एवं प्रमुख पदाधिकारी शामिल हुए।

श्रद्धावत पुण्यतिथि

आपका प्यार और आपके संस्कार
आज भी है हमारे जीवन का आधार
शत्-शत् नमन है आपको पूज्यनीय माताजी
आपका श्रद्धावत आभार...



स्व. श्रीमती ललिता देवी सेन, सिमगा
स्वर्गवास : 04-07-2021

MDHL_BHOOMI_04_2024-04_Layout 1 7/3/2024 11:56 PM Page 1



# अग्निवीर सेना में शामिल होने युवाओं में दिखा उत्साह

## स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय प्रबंधन ने भर्ती सेमिनार का आयोजन कर बताये नियम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल

नगर पंचायत कसडोल में संचालित स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय में छात्र-छात्राओं को सेना भर्ती के संबंध में जानकारी प्रदान करने हेतु कैरियर काउसिलिंग सेमिनार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भोपाल से आए वायु सेना के अधिकारी सर्जेंट आनंद राज, कारपोरल रोहित शर्मा, सहायक संचालक बीआर पटेल जिला कार्यालय और जिला रोजगार कार्यालय बलौदा बाजार अधिकारी निशा जांगड़े उपस्थित हुईं। कार्यक्रम के शुभांरभ में समस्त अतिथियों का सम्मान उत्कृष्ट विद्यालय के प्राचार्य सन्तोष कुमार वर्मा ने किया।

इसके बाद सर्जेंट आनन्द राज और रोहित शर्मा ने अग्निवीर, वायु सेना में शामिल होने के लिए क्या-क्या योग्यता चाहिए, किस उम्र में फॉर्म भरना शुरू कर सकते हैं, क्या-क्या तैयारी करना पड़ता है। इस संबंध में प्रोजेक्टर के माध्यम से विस्तार पूर्वक जानकारी दी।



विदित हो कि केंद्र सरकार द्वारा युवाओं को अधिक से अधिक सेना के क्षेत्र में रोजगार देने हेतु अग्निवीर योजना की शुरुआत की गई, जिसमें नई भर्ती में शामिल होने 8 जुलाई से आवेदन कर सकते हैं। इसके लिए अंतिम तिथि 28 जुलाई है।

जिला शिक्षा कार्यालय सहायक संचालक बीआर पटेल ने भी सारी जानकारियां प्रदान की और अनुशासन के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्राचार्य सन्तोष कुमार वर्मा और शिक्षक संजीव कुमार ध्रुव, रामेश्वर साहू, देवीदयाल कैवर्त्य, उमाशंकर पटेल, शिक्षिका सबिता नायक, केशर पटेल, तरणजीत कौर ने प्रमुख भूमिका निभाई।

## खबर संक्षेप

### गिधपुरी स्वास्थ्य केंद्र सकल एन क्यू ए एस सर्टिफाइड




**भवानीपुर।** जिला बलौदाबाजार विकासखंड पलारी अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गिधपुरी राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मापकों पर सेवाएं देने हेतु केंद्र से आए आंकलनकर्ता ने विभिन्न सर्विस पैकेज चिकित्साएं सुविधाओं ओपीडी आई पद लैब प्रसव सेवाएं अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रमों के क्रियानन सामान्य प्रशासनिक कार्यों के आधार पर मूल्यांकन किया था, जिस पर सभी विभागों में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की पूरी टीम खरी उतरी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एमपी महेश्वर, खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. बीएस ध्रुव, राजेश डहरिया के मार्गदर्शन से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को बड़ी उपलब्धि प्राप्त हुई। स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी निगेंद्र कंवर, रानी दुर्गेश्वरी, बृहस्पति, खिलेश्वरी चमन साहू, विकास चंद्राकर, अनारकली भोला शाहिद क्षेत्र के मितानिनों का विशेष योगदान रहा।

### गांव में चलाया गया स्वच्छता अभियान

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा के शहीद स्मारक में स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिसमें पूर्व सैनिक संगठन के अध्यक्ष युवराज सिंह चंद्राकर, संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर ने कहा कि ग्राम पंचायत खरोरा में स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिसमें गांव मुक्त रखने का संकल्प लिया गया और गांव की साफ सफाई की गई। शहीद स्मारक के आसपास जगह की साफ सफाई की गई।

### सेवानिवृत्ति के बाद घर पहुंचे नायब सूबेदार

**बिरकोनी।** ग्राम बिरकोनी निवासी केशव तिवारी पिता स्व उमाशंकर तिवारी भारतीय सेना में नायब सूबेदार के पद पर 22 साल की सेवा अवधि पूरा कर रिटायरमेंट प्राप्त कर अपने मूल गांव बिरकोनी पहुंचे। जहां उन्होंने भारतीय सेना में बिताए हुए पल को याद करते हुए बताया कि सेना त्याग, समर्पण, देशप्रेम और सेवा का सशक्त माध्यम है। उन्होंने अपने माता-पिता व गुरुजनों को भी याद किया है। ग्रामवासियों में बहुत ही हर्ष और उल्लास का माहौल है।

### बिरकोनी में उत्साह के साथ मनाया पढ़ाई तिहार

**बिरकोनी।** ग्राम बिरकोनी शासकीय प्राथमिक शाला में पढ़ाई तिहार मनाया। जिसमें ग्राम के माताओं व बच्चों के द्वारा विभिन्न शैक्षणिक गतिविधियां की गई। कार्यक्रम के पूर्व नियोजित होने के कारण माता के द्वारा उत्साहपूर्वक सहभागिता दिखाई। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता अंजनि साहू, त्रिपदा साहू, प्रीति पटेल, उमा साहू, भुवनेश्वरी ढीढी, रानी, रेखा, पुष्पा साहू, मोनिका, धनेश्वरी यादव की सहभागिता रही। कार्यक्रम में प्रधान पाठक देवचरण साहू द्वारा आभार व्यक्त किया गया। इस कार्यक्रम को स्टॉफ के धनेश्वरी प्रजापति, मुकेश कुमार प्रजापति, मेघा ध्रुव, संगीता साहू का विशेष सहयोग रहा।

### पौधारोपण अभियान चलाएगी संगम सेवा समिति

**सरायपाली।** संगम सेवा समिति द्वारा सेवा कार्य की कड़ी में विशाल वृक्षारोपण कार्यक्रम नगर क्षेत्र में किया जाना है। कार्यक्रम मोदी के एक पेड़ मां के नाम से प्रेरित है, जिसकी टैग लाइन एक घर एक वृक्ष है। जिसके तहत के समस्त वार्डों के प्रत्येक घर में एक पौधे का वितरण किया जाना है। समिति के संस्थापक प्रखर अग्रवाल ने बताया कि हमारा उद्देश्य लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करना है एवं नई पीढ़ी को युवाओ को पर्यावरण के महत्व को समझा कर वृक्षारोपण के लिए प्रेरित करना है। संगम सेवा समिति द्वारा यह कार्य एक अभियान के रूप में किया जाएगा।


## मंजूरी से जिले में 2146 करोड़ की लागत से 108 किमी लंबी सड़क बनेगी

# केंद्र से राष्ट्रीय राजमार्ग 130 बी को फोरलेन बनाने की मंजूरी मिली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

क्षेत्रवासियों की बहुप्रतिक्षीत मांग को पूर्ण करते हुए केंन्द्रीय सड़क परिवहन मंत्रालय द्वारा प्रदेश की राजधानी रायपुर से जिला मुख्यालय बलौदाबाजार को जोड़ने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग 130 बी को फोरलेन बनाने की मंजूरी दे दी गई है। इसके साथ ही जिला मुख्यालय बलौदाबाजार से सारंगढ़ की ओर राष्ट्रीय राजमार्ग 130 बी में 33 किमी कसडोल तक लंबाई वाले मार्ग को भी फोरलेन बनाने के प्रस्ताव को मंजूरी मिली है। मार्ग के चौड़ीकरण के होने से एक ओर जहां इस मार्ग पर सड़क हादसों में कमी आएगी। वहीं दूसरी ओर वर्तमान समय में क्षेत्रवासियों को राजधानी कम समय में पहुंच जाने का लाभ मिलेगा। मंजूरी मिलने में क्षेत्रीय विधायक एवं राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा की भूमिका रही।

केन्द्रीय सड़क परिवहन मंत्रालय द्वारा बलौदाबाजार रायपुर मार्ग पर यातायात के बढ़ते दबाव को देखते हुए भले ही कई वर्षों पूर्व इस मार्ग पर राष्ट्रीय राजमार्ग 130 बी घोषित कर दिया गया था, लेकिन सिर्फ नाम



और मार्ग पर लगे संकेतक के सिवाय कोई परिवर्तन नजर नहीं आया है। विधानसभा चुनाव के पश्चात बलौदाबाजार से निर्वाचित विधायक को पहली बार मंत्रिमंडल में स्थान मिलने तथा राजस्व मंत्री बनाये गए टंकराम वर्मा से क्षेत्रवासियों द्वारा यह मांग की जा रही थी कि इस मार्ग को फोरलेन में तब्दील किया जाना चाहिए। क्षेत्रवासियों की इस मांग को गंभीरता से लेते हुए श्री वर्मा द्वारा केन्द्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितीन गडकरी से मिलकर चर्चा की। इसके फलस्वरुप केंन्द्रीय सड़क परिवहन मंत्रालय ने वर्ष 2024 के प्लान में इस सड़क को फोरलेन बनाने की मंजूरी में शामिल कर लिया है।

### जिलेवासियों की मांग पर इस वर्ष केंद्रीय मंत्रालय में तैयार हुआ प्रोजेक्ट

केंन्द्रीय सड़क परिवहन मंत्रालय द्वारा वर्ष 2024 के तैयार प्रोजेक्ट में क्रमांक 6 में छत्तीसगढ़ विधानसभा से बलौदाबाजार मार्ग में खरतोरा तक 834 करोड़ रुपये की लागत से 42 किमी लंबी सड़क, प्रोजेक्ट में क्रमांक 7 के अनुसार खरतोरा मार्ग से बलौदाबाजार तक 650 करोड़ रूपये की लागत से 33 किमी लंबी सड़क तथा प्रोजेक्ट में क्रमांक 8 के अनुसार बलौदाबाजार से सारंगढ़ मार्ग पर 652 करोड़ रूपये की लागत से 33 किमी लंबी सड़क को फोरलेन में तब्दील करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई है।

# जिला कराते संघ के अध्यक्ष बने विजेंद्र यादव



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोपालपुर

खेल भाटा मैदान सारंगढ़ में सोमवार को जिला कराते संघ सारंगढ़ बिलाईगढ़ का गठन संयोजक उपेंद्र प्रधान के उपस्थिति में किया गया। इसमें अध्यक्ष विजेंद्र यादव गुड्डू, सचिव छेदीलाल साहू, सहसचिव अश्वनी कुमार जांगड़े, कोषाध्यक्ष धनीराम निराला, उपाध्यक्ष हिमेश विश्वकर्मा, कार्यकारिणी सदस्य अर्जुन रायकर, सत्य प्रकाश, दीपक दास, नीलकंठ जांगड़े, सीमा यादव, प्रिंस यादव, यशवंत, अमन जांगड़े मिनी साहू, संजना साहू, शिवम साहू, शिवा सारथी, लक्की को बनाया गया। सभी सदस्यों ने पद ग्रहण। इस मौके पर उत्तरी गणपत जांगड़े विधायक सारंगढ़ विधानसभा, कविता प्राण लहरे विधायक बिलाईगढ़, अरुण मालाकार जिला कांग्रेस कमेटी सारंगढ़, राजेश नायक, अजय बंजारे, जी रामनाथ ने समस्त नवनिर्वाचित पदाधिकारी को बधाई दी और संस्था को हर संभव सहयोग करने का आश्वासन दिया। जिला करते संघ सारंगढ़ बिलाईगढ़ के सदस्य जगन्नाथ भागवत, बंजारे, अंजू लता यादव, डेविड भारद्वाज, किसन निराला, गजानंद्र खुटे, अरुण, रत्नेश, दिव्या जांगड़े, नरेश बंजारे, सुधिर कोशले, दानेश्वरदास, प्रदीप, उमेश साहू, मनीषा निषाद, हर्षिता पटेल, खुशबू रजक, करुणा सागर ने बधाई दी।

■ नव निर्वाचित जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले में जिला कराते संघ सारंगढ़ बिलाईगढ़ का गठन हुवा, कराते मास्टर अशवनी कुमार जांगड़े बने जिला सयुक्त सचिव

## नये शिक्षा सत्र पर स्कूल में रोपे गए कटहल, नीम, करन, मुनगा के पौधे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

शासकीय पूर्व माध्यमिक एवं प्राथमिक शाला असौंदा में मंगलवार को नये शिक्षा सत्र का शुभारंभ एक पेड़ मां के नाम के साथ शुरू हुआ। इस संदर्भ में इको क्लब के छात्र छात्राओं और अतिथियों द्वारा पौधारोपण किया गया। इको क्लब प्रभारी शिक्षक डागेश्वर वर्मा ने बताया कि इस सत्र में इको क्लब पर्यावरण संरक्षण के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन करेगा, जिसमें प्लास्टिक मुक्त भारत ई कचरा प्रबंधन, जल संरक्षण और प्रदूषण नियंत्रण जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। आज इको क्लब के माध्यम से विद्यालय प्रांगण में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें उक्त अवसर पर कटहल, नीम, करन, मुनगा, पपीता, आंवला केला, गुलमोहर सहित 75 पौधरोपण किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के स्काउट गाइड एवं इको क्लब के प्रभारी शिक्षक ने बताया कि वृक्ष हमारे जीवन दाता है, जो हमारे वातावरण को संतुलित रखने का कार्य करते हैं। आज हम सभी को पौधारोपण का जो अवसर मिला है वह किसी सौभाग्य से कम नहीं है। पौधे लगाने से मन में जो आंतरिक खुशी की अनुभूति होती है वृक्षों से हमें अनेक लाभ प्राप्त होते है। उन्होंने सभी बच्चों को अपने अभिभावकों के साथ कम से कम एक पौधा लगाने प्रेरित किया। इस अवसर पर राजेश साहू सरपंच, लुनिता चंद्राकर, त्रिवेणी वर्मा, सुशीला साहू, डिगेश्वरी साहू, रामकुमार साहू, मनीष कांत वर्मा, शिवकुमार खांडे, नीलिमा सांवकर, ओंकार वर्मा, रमेश कुमार वर्मा प्रधानपाठक, राम गुलाल, स्काउट गाइड के छात्र छात्राओं द्वारा पौधारोपण कर उसके संरक्षण की शपथ ली।

## प्रवेशोत्सव : छात्रों पर पुष्प वर्षा कर मनाया उत्सव



**खरोरा।** संकुल केन्द्र घिवरा, विकासखंड तिल्दा के सभी 11 विद्यालयों में इस वर्ष भी अनूठे अंदाज में पुनः नवाचार करते हुए शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया। विद्यालय के मुख्य द्वार से नवप्रवेशी बच्चों को सम्मान के साथ रामधूनी और पुष्पवर्षा करते हुए उनके कक्षा कक्ष तक पंचायत जनप्रतिनिधियों, शाला प्रबंधन समिति के सदस्यों, पालकों और शिक्षक शिक्षिकाओं द्वारा पुष्पवर्षा करते हुए स्वागत किया गया। साथ ही नवप्रवेशी बच्चों को मिष्ठान, पाठ्यपुस्तक और गणवेश भी अतिथियों के हाथों से प्रदान किया गया। सभी नवप्रवेशी बच्चे इस तरह के स्वागत और सम्मान से अभीभूत थे, जिससे उनका विद्यालय के प्रति आकर्षण निःसंदेह बढ़ेगा। संकुल समन्वयक संकुल केंद्र घिवरा कैलाध बघेल ने अपनी नवाचारी सोच को यथार्थ स्वरूप प्रदान करते हुए संकुल स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव को पूर्णतः सफल बनाने के लिए संकुल प्रभारी प्राचार्य दीपक गुप्ता, सभी प्रधानपाठकों, सभी शिक्षक शिक्षिकाओं के प्रति आभार जताया।

## पढ़ई तिहार में बच्चों को परोसा गया न्योता भोज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

स्कूली शिक्षा को जन-जन तक पहुंचाने के लिए आदर्श स्कूल शासकीय प्राथमिक शाला लाल बहादुर शास्त्री वार्ड भाटापारा एवं शहीद वीर नारायण सिंग स्कूल में संयुक्त रूप से 2 जुलाई को पढ़ई तिहार का आयोजन मुख्य अतिथि एबीईओ भास्कर देवांगन एवं विशेष अतिथि समन्वयक मुकेश देवांगन के आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधान पाठक शत्रुहन डहरिया ने किया। इस अवसर पर शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। नवप्रवेशी बच्चों को तिलक लगाकर और पुस्तकें एवं गणवेश भेंट कर स्वागत किया गया। इस अवसर को यादगार बनाने समूह द्वारा न्योता भोजन कराया गया। अंगना में शिक्षा



कार्यक्रम के तहत माताओं द्वारा बच्चों को घर में बेसिक शिक्षा उपलब्ध कराने के रोचक और सरल तरीके बताए गए। अतिथियों ने बच्चों को रोज स्कूल भेजने प्रेरित किया। साथ ही शिक्षा का अधिकार कानून के उपयोगी बिंदुओं से परिचित कराया गया। शिक्षा मंत्री का संदेश का भी वाचन किया गया। इस पढ़ई तिहार में पालकों और माताओं, समूह और शाला प्रबंधन समिति के सदस्यों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया।

कार्यक्रम में शहीद स्कूल के प्रभारी शत्रुघन कुर्रे, निहाला मैडम और आदर्श स्कूल लाल बहादुर के प्रमोद वर्मा, वीरेन्द्र मानसरोवर, बंशी लाल चौहान, अंगना म शिक्षा प्रभारी सविता सोनकर और एसएमसी अध्यक्ष लोकेश्वरी ध्रुव का विशेष योगदान रहा।

■ आदर्श स्कूल लाल बहादुर में पढ़ई तिहार का आयोजन

### कानाकोट में पढ़ई तिहार में परोसा गया न्योता भोज

**बगबुड़ा।** शासकीय प्राथमिक शाला कानाकोट संकुल धमनी में अंगना म शिक्षा 4.0 पढ़ई तिहार का आयोजन कक्षा पहिली, दूसरी और बालवाड़ी के बच्चों और उनकी माताओं के लिए किया गया। इसमें उपस्थित माताओं और उनके बच्चों को विभिन्न गतिविधियों द्वारा घर में ही उपलब्ध वस्तुओं से मौखिक गणित और भाषाई कौशल के विकास के लिए शाला की प्रधानपाठक भूमिता कुर्रे, शिक्षिका संध्या पैकरा, सुनीता साहू, शिक्षक मनीराम पैकरा, कान्हा साहू द्वारा प्रशिक्षित किया गया। उत्कृष्ट प्रदर्शन पर प्राची पैकरा माता शशिकला पैकरा को स्मार्ट माता के रूप में चयन कर सम्मानित किया गया। पढ़ई तिहार मेला के बाद सभी बच्चों और माताओं के लिय न्योता भोज का आयोजन शाला में पदस्थ शिक्षक कान्हा साहू द्वारा अपने जन्मदिवस पर किया गया। न्योता भोज में सभी को भजिया, सेवई, पापड़, चाकलेट का वितरण साहूजी द्वारा कराया गया। बच्चों को उपहार स्वरूप पेन दी गई।

### मेधावी छात्र परीक्षा में लक्ष को मिला दूसरा स्थान



**खरोरा।** सरस्वती शिक्षा संस्थान छत्तीसगढ़ द्वारा आयोजित मेधावी छात्र परीक्षा 2024 में सरस्वती शिशु मन्दिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खरोरा से कक्षा चतुर्थ से लक्ष पिता नारायण प्रसाद देवांगन ने प्रांत स्तरीय परीक्षा में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। प्राचार्य अश्वनी पाटकर, परीक्षा प्रमुख भारत लाल वर्मा एवं विद्यालय के समस्त शिक्षकों ने उन्हें बधाइ दी।

## प्राथमिक शाला में हुआ अंगना में शिक्षा कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

विकासखंड तिल्दा-नेवरा, संकुल केंद्र बेलदार सिवनी अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला माठ में पढ़ई तिहार अंगना में शिक्षा 4.0 कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों की माताएं सम्मिलित हुईं तथा विभिन्न प्रकार की गतिविधियों द्वारा खेल–खेल में शिक्षा के बारे में जाना। इस कार्यक्रम की प्रभारी शिक्षिका यामीन वर्मा तथा मंजूलता देवांगन ने संयुक्त रूप से बताया कि यह कार्यक्रम गांव की माताओं को विद्यालय से जोड़ने का सशक्त माध्यम है, जिसमें माताएं उत्साह के साथ भाग लेती हैं और अपने विभिन्न अनुभवों को



साझा करती हैं। इस कार्यक्रम में प्रधान पाठक मनोज बघेल व शिक्षिका वसुंधरा साहू उपस्थित रही।

## किसान मजदूरों के अभाव में ठेका पर लगावा रहे रोपा

# धान रोपाई का कार्य शुरू, खेतों को तैयार करने में जुटे किसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिरमी-रावन

अंचल के मोहरा, हिरमी, बरडीह, भालेसुर, मुसवाडीह सहित आसपास के गांवों में किसान इन दिनों धान रोपाई के लिए खेतों को तैयार करने में जुटे हैं। इसके लिए वे ट्रैक्टर से अपने खेतों को तैयार कर रहे हैं। किसानों ने अब कई जगह धान की रोपाई का काम शुरू कर दिया है।

हालांकि अभी क्षेत्र में धान की रोपाई पूरी तरह से शुरू नहीं हुई है, लेकिन उम्मीद है कि आने वाले दो–चार दिनों में धान की रोपाई का काम तेजी पकड़ लेगा। कार्यों में ज्यादातर



महिलाएं धान की रोपाई में लगी हुई हैं। खेत में धान की रोपाई कर रही महिलाओं ने बताया कि वे सभी रोपाई का काम इसलिए कर रही हैं, ताकि उनके परिवार की आर्थिक आमदनी बढ़े व जरूरतें पूरी हो सके। सभी सुबह अपने घर के कार्य निपटाकर खेतों में काम करने के लिए आ जाती है। भालेसुर की किसान जागेश्वर प्रसाद वर्मा, बेदू वर्मा ने बताया की लगभग 4500 रुपए प्रति एकड़ के भाव से मजदूर लाकर खेतों की रोपाई करा रहे हैं। वहीं अन्य किसानों की रोपाई कार्य लगभग अब शुरू होने में देर नहीं है। सभी किसान अपने–अपने खेतों के कार्यों में जुटे हुए हैं। बोआई अंतिम चरण के साथ ही अंचल में धान की रोपाई कार्य में तेजी आ जाएगी।

पाठक सूचना

हरिभूमि समाचार पत्र के सुधि पाठको को सूचित किया जाता है कि भाटापारा के आस-पास के क्षेत्रों में हरिभूमि अखबार में खबरों एवं विज्ञापन प्राप्त करने के लिये निम्न पते पर संपर्क करें

हरिभूमि अभिकर्ता - अभिषेक मिश्रा
श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड, शीतला मंदिर के पास भाटापारा
मो. 626446 3895, 90900 90107